मंगलवार

10 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




जाति आधारित सर्वे को पचा नहीं पा रही भाजपा : येचुरी 2



## विधानसभा चुनाव: 7 से 30 नवंबर तक डाले जाएंगे वोट, 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

# पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान

- मध्य प्रदेश, मिजोरम, तेलंगाना व राजस्थान में एक चरण में चुनाव
- छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में वोट डाले जाएंगे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इस साल के अंत में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। पांचों राज्यों में 7 से 30 नवंबर तक विधानसभा चुनाव होंगे, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होंगे। छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर और 17 नवंबर को दो चरणों में वोट डाले जाएंगे। राजस्थान में 23 नवंबर, मिजोरम में 7 नवंबर को चुनाव होगा। तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। 3 दिसंबर को वोटों की गिनती होगी।

राजस्थान में विधानसभा की 200 सीटों के लिए 23 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी। चुनाव आयोग के मुताबिक राजस्थान में चुनाव की अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी और उम्मीदवार छह नवंबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। सात नवंबर को नामांकन की जांच होगी और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख नौ नवंबर होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि राजस्थान में 23 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को की जाएगी. राजस्थान विधानसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान में सवा पांच करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। राजस्थान में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच होता है। इस मरूधर प्रदेश में कुछ क्षेत्रीय पार्टियां भी हैं जो चुनिंदा क्षेत्रों में अपना प्रभाव रखती हैं। राज्य विधानसभा के पिछले चुनाव (2018) में कुल 200 सीटों में कांग्रेस को 99 व भाजपा को 73 सीटें मिलीं। राजस्थान में अभी तक न तो भाजपा ने ही और ना ही कांग्रेस ने किसी उम्मीदवार की घोषणा की है।




### विधानसभा चुनाव 2023

| राज्य | मतदान | नतीजे |
|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | 17 नवंबर | 03 दिसंबर |
| छत्तीसगढ़ | 07,17 नवंबर | 03 दिसंबर |
| राजस्थान | 23 नवंबर | 03 दिसंबर |
| मिज़ोरम | 07 नवंबर | 03 दिसंबर |
| तेलंगाना | 30 नवंबर | 03 दिसंबर |

### छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों के लिए पड़ेंगे वोट

छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान संपन्न होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। नक्सल प्रभावित कुछ क्षेत्रों के चलते संवेदनशील माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में पहले चरण में सात नवंबर को 20 सीटों पर मतदान होगा तथा दूसरे चरण में 17 नवंबर को 70 सीटों पर मतदान होगा। राज्य विधानसभा चुनाव के पहले चरण लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा 20 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। पहले चरण में नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को की जाएगी तथा 23 अक्टूबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी तथा 30 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छानबीन होगी तथा दो नवंबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। राज्य में 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 सीटें जीतकर 15 साल बाद सत्ता में वापसी की थी। भाजपा को 15 सीटें हासिल हुई थीं।

### मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला

मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। आयोग के मुताबिक मध्य प्रदेश चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी और नामांकन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर होगी। साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 230 सदस्यीय विधानसभा में 114 सीटें जीती थीं और गठबंधन सरकार बनाई थी। भाजपा ने इस चुनाव में 109 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के कद्दावर नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में विधायकों के एक गुट के विद्रोह के चलते कमलनाथ अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और मार्च 2020 में उनके नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। सिंधिया गुट के विधायकों के समर्थन से बाद में भाजपा सत्ता में लौटी और शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बने। यहां भाजपा ने अब तक तीन अलग-अलग सूचियों में 79 उम्मीदवारों की घोषणा की है जबकि कांग्रेस ने अब तक उम्मीदवारों की कोई सूची जारी नहीं की है। मध्य प्रदेश में अब तक मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा है।

### तेलंगाना में 119 सीटों के लिए 30 नवंबर को मतदान

तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 30 नवंबर को मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए तीन नवंबर को अधिसूचना जारी होगी तथा 10 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। तेलंगाना में नामांकन पत्रों की छानबीन 13 नवंबर को की जाएगी तथा 15 नवंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। राजीव कुमार ने बताया कि तेलंगाना में सभी 119 विधानसभा सीटों के लिए 30 नवंबर को मतदान होगा और तीन दिसंबर को मतगणना होगी। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी उसे चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य में 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में बीआरएस (तत्कालीन टीआरएस) ने 88 सीटें जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी थी। कांग्रेस को 19, एआईएमआईएम को सात सीटें हासिल हुई थीं। भाजपा को सिर्फ एक सीट से संतोष करना पड़ा था। तेलंगाना विधानसभा चुनाव पार्टियों के लिए अहम इस मायने से भी है क्योंकि यह लोकसभा चुनाव 2024 की तस्वीर भी साफ करेगा कि दक्षिण के राज्य तेलंगाना में बीजेपी, कांग्रेस और बीआरएस कहां है।

### मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों के लिए डाले जाएंगे वोट

मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों के लिए सात नवंबर को मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी तथा 20 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की छानबीन 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म होगा। इस पूर्वोत्तर राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। पिछले विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट ने 26 सीटें जीती थीं तो जोराम पीपुल्स मूवमेंट को आठ और कांग्रेस को पांच सीटें हासिल हुई थीं। मिजोरम में वर्ष 1984 से ले कर अब तक चुनावी राजनीति में कांग्रेस और मिजो नेशनल फ्रंट के बीच टक्कर होती रही है, किन्तु इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में जोराम पीपल्स फ्रंट के नेता लालदुहोमा भी बड़े देवदार हैं जिनकी पार्टी ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 40 में से 8 सीट जीत ली थी।

### बुजुर्ग मतदाता इस बार घर से ही डाल सकेंगे वोट

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के मुताबिक, पांचों राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में कुल मिलाकर 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे। जिनमें से 1.01 लाख पर वेबकास्टिंग सुविधा मौजूद होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पांचों चुनावी राज्यों का दौरा कर उन्होंने सभी दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर बातचीत की है। पिछले 6 महीने से चुनाव की तैयारी की जा रही थी। आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को अपने केस की जानकारी देनी होगी। इस बार के चुनाव के लिए तय किया गया है कि बुजुर्ग मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## जहां होगी हमारी सरकार, वहां कराएंगे जातीय गणना: राहुल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर घोषणा की है कि हम जातीय जनगणना को लागू करेंगे। हमारी जहां-जहां सरकार है वहां के मुख्यमंत्रियों ने भी फैसला लिया है कि वह राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में जातीय जनगणना को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि यह भी फैसला लिया गया है कि हम भाजपा पर जातीय जनगणना करवाने का दबाव बनाएंगे। अगर उन्होंने नहीं किया तो उन्हें परे हो जाना चाहिए, क्योंकि देश जातीय जनगणना चाहता है। अब जहां तक 'इंडिया' गठबंधन की बात है..मैं जानता हूं कि कई पार्टियां 'इंडिया' गठबंधन में इस फैसले का समर्थन करेंगी। एक-दो पार्टियां हो सकती हैं जिनकी राय थोड़ी अलग हो। यह हमारे लिए कोई समस्या नहीं है। मगर ज्यादा से ज्यादा पार्टियां इस फैसले का समर्थन करेंगी।

राहुल गांधी ने कहा, कि हिंदुस्तान के भविष्य के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। जातिगत जनगणना के बाद विकास का एक नया रास्ता खुलेगा। कांग्रेस पार्टी इस काम को पूरा करके ही छोड़ेगी। जब हम वादा करते हैं, तो उसे तोड़ते नहीं हैं।

### राहुल की फिसली जुबान

### बोले- जा रही राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान राहुल गांधी की जुबान फिसल गई। उन्होंने कह दिया कि मध्य प्रदेश में सरकार जा रही है, राजस्थान में जा रही है, छत्तीसगढ़ में भी जा रही है...। हालांकि जल्द उन्हें अपनी गलती का अहसास हो गया। फिर उन्होंने कहा- मैं उल्टा बोल गया... आपने (पत्रकार) मुझे भ्रमित कर दिया। बाद में सजगता से अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस शानदार प्रदर्शन करेगी। वहीं भाजपा ने कहा- राहुल गांधी ने हार स्वीकार कर ली है। राहुल स्वीकार कर चुके हैं कि कांग्रेस की सरकारें राजस्थान और छत्तीसगढ़ से जा रही हैं।

## कांग्रेस ने फिलिस्तीन का किया समर्थन, बैठक में प्रस्ताव पारित

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इजरायल और फिलिस्तीन चरमपंथी संगठन हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर देश में राजनीतिक पारा चढ़ता नजर आ रहा है। इस बीच कांग्रेस ने फिलिस्तीन का समर्थन करने का ऐलान किया है. सोमवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में अंतिम समय पर इसे लेकर एक प्रस्ताव भी पास किया गया। सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद पास प्रस्ताव में कांग्रेस ने कहा कि फिलिस्तीनी लोगों के जमीन, स्वशासन और आत्मसम्मान एवं गरिमा के साथ जीवन के अधिकारों के लिए दीर्घकालिक समर्थन को दोहराती है। कार्यसमिति तुरंत युद्धविराम और वर्तमान संघर्ष को जन्म देने वाले अपरिहार्य मुद्दों सहित सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत करने का आह्वान करती है।

## नवरात्र में दुर्गा पंडालों से नारी शक्ति को जागृत करेगी यूपी सरकार, शुरू होगा बड़ा अभियान

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित योगी सरकार एक बार फिर शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण को लेकर बड़ा अभियान चलाएगी। इस बार यह अभियान प्रदेश भर में 15 से 24 अक्टूबर तक सर्किलवार चलाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न ग्राम सभा, दुर्गा पंडाल, मंदिर, वार्ड, मोहल्ला से जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इस दौरान जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म, आपसी संवाद और ध्वनि संदेश के माध्यम से नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जागरुक किया जाएगा। वहीं हर ग्राम पंचायत रैली का एक पड़ाव भी होगा, जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम होंगे। सर्किलवार रैली में ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम प्रधान, अध्यापिका, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर व अन्य भी मौजूद रहेंगी।


### हर सर्किल के 12 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरेगी रैली

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि इस बार प्रदेश भर में महिला सशक्तिकरण सर्किलवार रैली निकाली जाएगी। सर्किलवार रैली में स्थानीय क्षेत्राधिकारी शामिल होकर हर दिन अपने सर्किल के 10 से 12 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कराएंगे। इस दौरान रैली का प्रत्येक ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्ले में एक पड़ाव होगा, जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, आपसी संवाद और ध्वनि संदेश दिये जाएंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में महिला सुरक्षा, महिला संबंधी शासकीय योजनाओं, महिला संबंधी हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएगी।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास राम कथा संग्रहालय का करेगा संचालन

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

अयोध्या में सरयू तट पर बना अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी के संचालन, प्रबंधन और रख-रखाव की जिम्मेदारी अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालेगा। सोमवार को संस्कृति विभाग और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच एमओयू हस्तांतरण हुआ। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस करार के बाद भगवान श्रीराम से जुड़े 1000 से ज्यादा प्राचीन और दुर्लभ वस्तुओं के संग्रह की जिम्मेदारी भी अब न्यास के हाथों आ गई है। कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति के सदस्य अनूप कुमार मित्तल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, संस्कृति विभाग के निदेशक शिशिर और विशेष सचिव राकेश चंद्र शर्मा की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी के संबंध में समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से ढेंढिया लोकनृत्य की प्रस्तुति की गई।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

# उन्नाव की धरा पर क्रांतिकारी महानायकों ने लिया है जन्म: योगी

**केटी न्यूज/उन्नाव**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के ग्राम डौंडियाखेड़ा में 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राव रामबख्श सिंह की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। सीएम ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार यह अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का पक्ष-पितृपक्ष है। आजादी की अलख जगाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा रामबख्श सिंह की भव्य-दिव्य प्रतिमा के लोकार्पण का सौभाग्य मिला है। सीएम ने शारदीय नवरात्रि की भी शुभकामनाएं दीं। सीएम ने यूपी के युवाओं से वैक्सीन वार फिल्म देखने का आह्वान करते हुए षडयंत्रों करने वालों को बेनकाब करने की अपील की।



**सीएम ने की अपील- यूपी का हर युवा जरूर देखे वैक्सीन वार फिल्म:** सीएम ने कहा कि भारत में कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन व 220 करोड़ फ्री वैक्सीन देने का कार्य हुआ है। नई फिल्म आई है-वैक्सीन वार, इसमें आप देखेंगे कि भारत की शानदार वैज्ञानिक उपलब्धियों को लेकर भारत ने दुनिया के अंदर क्या मिसाल प्रस्तुत की है।

भारत के खिलाफ षडयंत्र करने वाले शत्रुओं को बेनकाब करने वाला, भारत के महान वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए अनुसंधान व भारत को वैश्विक मानचित्र पर नया सम्मान दिलाने की नई कामना का नाम है वैक्सीन वार। हर विद्यार्थी-युवा से कहूंगा कि इस फिल्म को जरूर देखें और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति करें। उन षडयंत्रों को समझें, जो भारत व भारतीयता के खिलाफ की जा रही है। ऐसा करके कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। इन लोगों को समझने, कृत्यों को एक्सपोज करने और दुनिया के सामने बेनकाब किए जाने की आवश्यकता है। वैक्सीन वार उस दिशा में किया गया बेहतरीन प्रयास है। इन्हें जनसमर्थन प्राप्त होना ही चाहिए। मैं आह्वान करुंगा कि यूपी का हर युवा इस फिल्म को देखने जरूर जाए। जब देश महामारी से लड़ रहा था, यह लड़ाई व्यक्ति की नहीं थी। जब कैप्टन के रूप में प्रधानमंत्री लीड कर रहे थे, तब कुछ लोग दुष्प्रचार कर इस लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे। वैक्सीन वार जैसी फिल्म में देश के खिलाफ होने वाले षडयंत्र व चेहरों को भी देख सकते हैं, जो देश के खिलाफ षडयंत्र करने में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतते।

### देश की आजादी को लेकर था राजा रामबख्श सिंह का अभियान

सीएम ने कहा कि राजा रामबख्श सिंह का अभियान देश की आजादी को लेकर था। 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर से सभी अवगत हैं। यूपी के लाल मंगल पांडेय ने बैरकपुर में इसका आह्वान किया तो कहीं मेरठ-झांसी, कहीं बिठूर, कहीं गोरखपुर में, कौन ऐसा क्षेत्र था जो अछूता रहा हो। एक तरफ झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तो एक तरफ तात्या टोपे के नेतृत्व में बिठूर के अंदर, राजा रामबख्श सिंह- बेनीमाधव सिंह के नेतृत्व में यह लड़ाई मजबूती से लड़ी गई। पहली बार भारत ने अहसास कराया था कि मिलकर देश के अंदर से विदेशी हुकूमतों की जड़ों को उखाड़ फेंकने में सफल हो सकते हैं। देखते ही देखते आजादी की नई लौह आगे बढ़ी। चौरीचौरा की घटना इसका परिणाम था। मजदूरों-किसानों ने उस समय नए आजादी के आंदोलन को बढ़ाया।

## जनता दरबारः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 76 लोगों की सुनीं समस्याएं, कार्रवाई का दिया निर्देश

# फरियाद... पुलिस केस उठाने का बना रही दबाव

♦ मुख्यमंत्री के जनता दरबार का नहीं किया गया लाइव प्रसारण

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जनता के दरबार में 76 लोगों की समस्याएं सुनी और और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मधुबनी जिला से आये मुन्ना पासवान ने फरियाद करते हुये कहा कि मेरे पिताजी की मृत्यु के उपरांत उनके द्वारा लिये गये बैंक ऋण नहीं लौटा पाने के कारण बैंक द्वारा काफी प्रताड़ित किया जा रहा है। मुझे इससे राहत दिलायी जाये। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।





जमुई जिला से आये फरियादी मुकेश कुमार ने कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत मिलनेवाली मुझे द्वितीय किश्त की राशि नहीं मिल पायी है। मैं कृष्ण महाविद्यालय, सिकन्दरा में बी०सी०ए० का छात्र हूँ, कृपा कर मुझे राशि उपलब्ध करायी जाये । मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सारण जिला से आये दिव्यांग नवीन प्रसाद ने फरियाद करते हुये कहा कि दिव्यांगजनों को मिलनेवाली बैट्री चालित ट्राई साइकिल मुझे उपलब्ध करायी जाये ताकि मुझे सहूलियत हो सके। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।

मुजफ्फरपुर जिला से आये एक पिता ने फरियाद करते हुये कहा कि मेरी बेटी किरण कुमारी को मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। आवेदन किये हुए तीन वर्ष बीत गये हैं। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बेगूसराय जिला से आये नागेश्वर रजक ने शिकायत करते हुये कहा कि मर्डर केस में अभियुक्तों के साथ सांठ-गांठ कर पुलिस पदाधिकारी द्वारा केस उठाने के संबंध में मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है, कृपा कर मुझे पुलिस से न्यायपूर्ण सहयोग दिलाया जाय। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। किशनगंज जिला से आये हुये एक फरियादी मो मंजर आलम ने कहा कि मैं आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्ति हू। हृदय की बीमारी के इलाज हेतु मुझे आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भागलपुर से आये एक व्यक्ति ने शिकायत करते हुये कहा कि मेरे परिजन की कोरोना से मृत्यु हो गयी थी लेकिन अब तक मान्य सहायता राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।

सहरसा जिला से आयी एक छात्रा अमीषा साक्षी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत मिलनेवाली राशि का लाभ अब तक नहीं मिला है वहीं सहरसा जिला से ही आये हुये एक अन्य व्यक्ति ने फरियाद करते हुये कहा कि मेरा 19 साल का बेटा नहाने के दौरान पानी में डूब गया था जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी । पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मिलनेवाली अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान अभी तक मुझे नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खगड़िया जिला से आये एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुये कहा कि मुझे अप्रैल 2019 से मई 2021 तक मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना का बकाया राशि नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गया जिला से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुये कहा कि बोध गया स्थित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया जाये, जिससे वहां के छात्रों को सहूलियत हो सके। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## जाति आधारित सर्वे को पचा नहीं पा रही भाजपा : येचुरी

**केटी न्यूज/पटना**



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने सोमवार को बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बीजेपी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित सर्वेक्षण को पचा नहीं पा रही है, जिसके निष्कर्ष पिछले सप्ताह जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत है। देखने वाले देखते रहेंगे. हमें देश के लोगों की चिंता है। देश के लोगों का सपोर्ट इंडिया गठबंधन को मिल रहा है।

सीताराम येचुरी ने बीजेपी के इस आरोप को खारिज कर दिया कि सर्वे में निष्कर्ष में विसंगतियां हैं। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अपने नौ वर्ष के कार्यकाल में राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना क्यों नहीं करा पाई। माकपा नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। येचुरी ने यहां मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि, हमने जाति आधारित सर्वेक्षण का हमेशा समर्थन किया है। हमारा मानना है कि राज्य सरकार ने यह काम पूरी जिम्मेदारी के साथ किया है। येचुरी दरभंगा और समस्तीपुर जिलों में पार्टी के कार्यक्रमों को संबोधित करने के लिए बिहार आए हैं।

माकपा नेता येचुरी ने कहा, बीजेपी वास्तविकता को पचा नहीं पा रही। उसे पिछड़े वर्गों की इतनी ही चिंता थी, तो उसने जाति आधारित सर्वेक्षण क्यों नहीं कराया? वह नौ साल से सत्ता में है। उन्होंने एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह जैसे नेताओं की गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसी का खुला दुरुपयोग है। येचुरी ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि ईडी के मामलों में सजा दिए जाने की दर 0.1 प्रतिशत से भी कम है, जो बहुत कम है. पांच हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से केवल 23 में ही दोषसिद्धि हुई है।

## वैशाली में स्कूल संचालक की सिर में गोली मार हत्या

**केटी न्यूज/वैशाली**

वैशाली में स्कूल संचालक की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने उनके सिर में गोली मारी। घटना हाजीपुर के सदर थाना इलाके की है। रविवार देर रात वह अपने घर में पूरे परिवार के साथ सो रहे थे। गर्मी होने के कारण घर की खिड़की खोलकर ही सो रहे थे। इसी दौरान अपराधी खिड़की के रास्ते घर में घुसे और स्कूल टीचर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खून से लथपथ पड़े स्कूल टीचर को अस्पताल पहुंचाया लेकिन यहां डॉक्टरों ने उन्हें



मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के मझौली निवासी गेंदालाल चौधरी के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई। वह सदर थाना क्षेत्र के बलवा कुंवारी इलाके में रहकर किराए के माकन में स्कूल संचालन करते थे। उन्होंने 25 साल के लिए लीज पर जमीन लेकर स्कूल चलाता था। सुधीर कुमार तीन भाई है। तीनों भाई स्कूल चलता है। दो भाई हाजीपुर में रहकर स्कूल चलाता है। एक भाई बिदुपुर में स्कूल संचालित करता है।

**मकान मालिक से हुआ था विवादः** इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन का कहना है कि अच्छा रिलेशन मकान मालिक से नहीं था। लॉकडाउन में स्कूल बंद होने के कारण रेंट का पैसा बकाए था। इसको लेकर हरदम मकान मालिक और स्कूल संचालक के बीच विवाद होता रहता था। रविवार सुबह में पैसे को लेकर पंचायती भी स्थानीय लोगों द्वारा किया गया था। लॉकडाउन का पैसा इएमआई में चुकाने एवं करंट रेंट कैश देने की बात की गई थी।

## छपरा में गल्ला व्यवसायी की गोली से मारकर हत्या

**केटी न्यूज/छपरा**

छपरा के एकमा बाजार में बदमाशों ने रविवार की देर शाम एक गल्ला व्यवसायी की गोली से मारकर हत्या कर दी। व्यापारी राजेश कुमार अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक बाइक पर सवार दो की संख्या में रहे बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतक राजेश कुमार की एकमा के बड़े गल्ला व्यवसायी के रूप में पहचान थी। अस्पताल परिसर में माहौल को देखते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा अस्पताल भेज दिया।

### व्यवसायियों का फूटा गुस्सा, एकमा बाजार को कराया बंद

मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड निवासी राजेश कुमार के रूप में की गई है। इनकी उम्र 60 से 70 साल के बीच है। घटना को लेकर एकमा में व्यवसायियों के बीच आक्रोश है। एकमा के व्यवसायियों ने सोमवार को दुकान बंद करने का आह्वान किया। कहा गया है कि 24 घंटे के अंदर व्यवसायी के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सारण की सभी दुकानें बंद कर दी जाएंगी।

**बेटे ने कहा- हम लोगों का किसी से विवाद नहीं:** इस घटना में मृतक राजेश कुमार के बेटे अमित ने बताया कि उनके पिता हमेशा की तरह शाम को दुकान बंद कर घर आ रहे थे। घर के नजदीक ब्लॉक परिसर के पास पहले से बदमाश मौजूद थे। पिता को देखते ही गोली चला दी। गोली उसके पिता के पीठ में लगी है. उसने कहा कि हम लोगों का किसी से कोई पहले से विवाद नहीं है।

इस पूरे मामले में एकमा पुलिस का कहना है कि मृतक राजेश कुमार के बेटे के आवेदन पर प्राथमिक दर्ज कर पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि किन लोगों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। टेक्निकल अनुसंधान में पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# प्रसव पूर्व जांच से गर्भावस्था के दौरान एनीमिया से बचाव संभव: सिविल सर्जन

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में सोमवार को सभी सरकारी अस्पतालों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवतियों की जांच के लिए शिविर के साथ मिशन इंद्रधनुष 5.0 के दूसरे चक्र का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. आर.के. सिंह और राज्य स्वास्थ्य समिति के प्रतिनिधि तुषारकांत उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद गर्भवती लाभार्थियों के बीच अल्पाहार का वितरण करने के साथ साथ उनकी प्रसव पूर्व जांच के शिविर भी लगाया गया। जिसमें 54 महिलाओं की जांच की गई।

सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने गर्भवती लाभार्थियों को बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में आने वाली सबसे बड़ी समस्या एनीमिया है। जिसके कारण न केवल गर्भवती महिलाओं को बल्कि उनके गर्भ में पल रहे बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, कई मामलों में एनीमिया के कारण प्रसव के दौरान जटिलतायें भी बढ़ जाती है। जिसके कारण अधिक रक्त स्त्राव से गर्भवतियों की मौत की भी संभावना होती है। एनीमिया प्रबंधन के लिए प्रसव पूर्व जांच के प्रति महिलाओं की जागरूकता ना सिर्फ एनीमिया रोकथाम में सहायक होती है बल्कि सुरक्षित मातृत्व की आधारशिला भी तैयार करती है।

**प्रसव पूर्व जांच की भूमिका महत्वपूर्ण :** डीसीएम हिमांशु सिंह ने बताया, गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान कम से कम चार बार एएनसी जांच करानी चाहिए। इससे प्रसव के पूर्व या प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। वहीं, कई मामलों में मातृ मृत्यु की संभावनाओं को भी खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बताया, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताएं मातृ मृत्यु के लिए अधिक जिम्मेदार होती हैं। महिलाएं अगर मातृ मृत्यु के कारणों के संबंध में सही समय पर जानकारी मिल जाए, तो उसका समुचित उपचार हो जाएगा जिससे मातृ मृत्यु की दर में कमी लाई जा सकती है।

मौके पर डब्ल्यूएचओ के एसएमसी डॉ. फैजान अनवर, यूनिसेफ के एसएमसी कुमुद मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. स्वाति भारती, बीएचएम प्रिंस कुमार सिंह, पीरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि, जीएनएम मनीषा कुमारी, लैब टेक्नीशियन पप्पू कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

### गर्भवतियों व बच्चों का टीका लेना अनिवार्य

वहीं, डीआईओ डॉ. सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के साथ 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारी से बचने के लिए सोमवार से मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के दूसरे चक्र की शुरूआत की गई। अभियान का पहला चरण 11 सितंबर से 17 सितंबर तक चलाया गया था। अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए अभियान का दूसरा चरण शुरू 14 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के माध्यम से टीका से वंचित हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत नियमित टीका से वंचित 5 वर्ष से कम बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की पहचान करके टीकाकरण किया जाता है।

## एक नजर

### जिला स्तरीय कला उत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाए हुनर, मिला पुरस्कार

**डुमरांव।** राज्य परियोजना निदेशक व बिहार शिक्षा परियोजना के निर्देश पर सोमवार को राज प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्लस टू विद्यालयों के वर्ग 9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, नृत्य, वाद्य, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, द्विआयामी व त्रिआयामी दृश्यकला तथा स्थानीय खेल खिलौना आदि विधाओं को शामिल किया गया था। कार्यक्रम राज हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय शंकर ओझा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें अनुराग मिश्र ने संयोजक की भूमिका निभाई वही प्लस टू सिमरी उच्च विद्यालय के वरीय शिक्षक डा मनीष कुमार शशि बतौर मंच संचालक आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिए। निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न विधाओं में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिसमें शास्त्रीय गायन में सुप्रिया कुमारी को प्रथम स्थान मिला। वहीं पारंपरिक लोक गीत के बालक वर्ग में राकेश कुमार सिंह, मनीष कुमार मिश्र व राजीव रंजन तथा बालिका वर्ग में शैली मौर्या, प्रियांशु राज व राज नंदनी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चुना गया। एकांकी नाटक के बालक वर्ग में राजकुमार व बालिका वर्ग में ऋचा कुमारी प्रथम स्थान पर रहे। चित्रकला में दिपीका व प्रिंस कुमार, खेल खिलौना में कमल विश्वकर्मा व रूची कुमारी, मूर्ति कला में कृष्णानंद प्रजापति व काजल कुमारी तथा पारंपरिक नृत्य में सलोनी पांडेय व विशाल कुमार अपने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहें। इस दौरान अनिता यादव, ब्रजेश कुमार चौबे, संतोष उपाध्याय, रामाकांत तिवारी समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।



### अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर में अश्विनी चौबे ने की शिला पूजन व कार सेवा

**बक्सर।** केंद्रीय राज्यमंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी चौबे अपने संयुक्त अरब अमीरात के प्रवास के तीसरे दिन अबू धाबी में बन रहे पहले हिंदू मंदिर का भ्रमण किए। वहाँ उन्होंने कारसेवा की। 2018 में अपने यूएई के दौर के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की नींव रखी थी। मंदिर के कार्य को तेजी से मूर्तरूप दिया जा रहा है। संभावना है कि फरवरी 2024 में यह मंदिर शुरू हो जाएगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने भ्रमण के दौरान शिला पूजन व कार सेवा की। अबू धाबी में यह मंदिर 55,000 वर्ग मीटर भूमि पर बन रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि मंदिर भव्य व दिव्य रूप ले रहा है। यह भारत की सभ्यता व संस्कृति की पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर में सनातन संस्कृति का परचम लहरा रहा है। यह मंदिर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे के साथ इंडिया पीपुल्स फोरम दुबई के प्रतिनिधि मौजूद थे।



### जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्ष को दबाने का काम कर रही है केंद्र सरकार: डॉ. विनोद

**बक्सर।** सोमवार को वैश्य समाज एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों तथा बुद्धिजिवियों की एक बैठक शहर के चीनी मिल स्थित एक निजी अहाते में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सुबास साह ने की। बैठक में बिहार विधान परिसद् सदस्य राधा चरण साह की रिहाई की मांग को लेकर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सीनेट सदस्य डा. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि भरतीय जनता पार्टी अपने शासन काल में जिस तरह से सीबीआई एवं ईडी आदि जाँच एजेंसियों का दुरुपयोग कर प्रतिपक्ष के नेताओं को फंसाने का काम कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि जदयू विधान परिसद् सदस्य राधाचरण साह की गिरफ़्तारी नहीं होती। आज भाजपा बारी-बारी से सभी विरोधियों को समाप्त कर देना चाहती है, जो किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए खतरे की घंटी है। विपक्ष को दबाने की मानसिकता लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि एनसीपी नेता अजीत पवार पर 70 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुले मंच से लगाया था और जब अजीत पवार भाजपा की सरकार में शामिल हो गये तो सीबीआई ने उनका नाम चार्जसीट से निकाल दिया और अब मोदी उनकी पीठ थपथपा रहे है। सुबास साह ने कहा कि जबतक राधा चरण साह की रिहाई नहीं हो जाती है तब तक चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन जारी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से जदयू पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनिल कुमार सिंह, पप्पू पटेल, डा. राम बदन गुप्ता, राजेन्द्र साह, वीर बहादुर साह, चंदन गुप्ता, छोटक गोड़, नन्दु साह समेत वैश्य समाज से जुड़े कई अन्य लोग मौजूद थे।



## खबरें फटाफट

### अपरहण मामले में रोहतास से एक धराया

**डुमरांव।** पुलिस ने छात्रा के अपहरण मामले में एक युवक को रोहतास से पकड़ने में सफलता पायी है। पकड़े गये आरोपी के निशानदेही पर छात्रा को पुलिस ने रांची से बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी रोहतास के काराकाट स्थित मोथा गांव का रहने वाला नागेंद्र सिंह के पुत्र ज्ञानप्रकाश बताया जाता है। पुलिस ने कोर्ट में छात्रा के बयान के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार छात्रा डीके कॉलेज में परीक्षा देने घर से निकली थी। जब शाम तक छात्रा घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी और परिजन खोजबीन में जुट गये। छात्रा नही लौटी तो परिजनों ने डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया। अनुसंधान के दौरान आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### फरार महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने लालगंज कड़वी मोहल्ले में छापेमारी कर फरार महिला शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गयी आरोपी कड़वी मोहल्ले के मुसाफिर राय की पत्नी सुमन देवी बतायी जाती है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पिछले दिनों महिला के ठिकाने पर छापेमारी की गयी थी, जिसमें शराब बरामद हुआ था। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर धंधेबाज फरार हो गया था। पुलिस को सूचना मिली कि धंधेबाज मोहल्ले में देखी गयी है। पुलिस की टीम ने उसके ठिकाने पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर शराब के नशे में थाना के बगल से राजू कुमार पाल को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### छेड़खानी आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

नावानगर। छेड़खानी के मुख्य आरोपी ने पुलिसिया दबिश के कारण सोमवार को न्यायालय में आत्म-समर्पण किया। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए आरोपी धनसोई थाना क्षेत्र के केदार गंज निवासी प्रमोद कुमार उर्फ प्रेम बताया जाता है। जो नावानगर में एक अल्ट्रासाउंड में चिकित्सक था। इस पर बीते माह एक महिला द्वारा अल्ट्रासाउंड करने के दौरान छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी पर नावानगर थाना में कांड संख्या 349/23 नामजद दर्ज था। इसके बाद से पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि दो दिन पूर्व आरोपी के भाई हरेराम सिंह एवं उसके रिश्तेदार रौशन कुमार नावानगर के रुम से सारा समान ले जाने के लिए चुपके से आए थे। जिसकी भनक पुलिस को लग गई। पुलिस ने सभी समान को कब्जे में लेकर आरोपी को हाजिर करने के लिए भाई एवं रिश्तेदार पर दबीश बनाया। जिसके दो दिन बाद सोमवार को आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

## चौगाईं व ब्रह्मपुर में जनसंवाद का आयोजन, डीएम ने छात्राओं को दिया प्रमाण पत्र

# स्वरोजगार के माध्यम से बेरोजगारी दूर कर स्वावलंबन की राह अपनाएं युवा: डीएम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डीएम अंशुल अग्रवाल ने सोमवार को डुमरांव अनुमंडल के चौगाईं व ब्रह्मपुर प्रखंडो में जन संवाद का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं से रूबरू कराया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वहीं दोनों प्रखंडो में कुशल युवा प्रशिक्षण पूरा करने वाले कुछ प्रशिणार्थियों को अपने हाथों प्रमाण पत्र दिया। मिली जानकारी के अनुसार चौगाईं प्रखंड के मसर्हियां खेल मैदान में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम के साथ एडीएम किशोरी चौधरी, डीडीसी डा. महेंद्र पाल, डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज व पंचायत प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में डीएम ने स्वरोजगार पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा उन्हें हुनरमंद बनाने के लिए कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने युवाओं से इसका लाभ उठाने तथा बेरोजगारी दूर कर स्वावलंबन की राह अपनाने की सीख दी। मौके पर डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ तेज बहादुर सुमन, सीओ अंकिता सिंह, थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, प्रखंड प्रमुख ऋषिकांत सिंह, उप प्रमुख राहुल मेहता समेत कई अन्य अधिकारी व जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

**जनसंवाद में उठा नव निर्मित तालाबों में पानी नहीं होने का मुद्दा :** जन संवाद में डीएम के सामने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को भी रखा। इसी कड़ी में मसर्हियां पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद कुमार ओझा ने कहा कि जल संरक्षण के लिहाज से जिन तालाबों की खुदाई करवाई गई है उसमें पानी नहीं है। उन्होंने डीएम से इसकी जांच कराने की मांग की। चौगाईं जिप सदस्य अरविंद प्रताप शाही उर्फ बंटी शाही ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के किनारे उग आए झाड़ियों की कटवाई करवाने की मांग की। इसके अलावे भी कई अन्य ग्रामीणों ने डीएम के समक्ष जन समस्याओं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता नहीं बरते जाने जैसी समस्याओं को रखा। इस दौरान जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, श्रम संसाधन, पंचायती राज, कृषि, सहकारिता, उर्जा, कल्याण, आईसीडीएस, ग्रामीण कार्य, उद्योग, आपूर्ति, पशु एवं मत्स्य संसाधन, पीएचईडी, आपदा प्रबंधन विभाग के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत रूप जानकारी दी तथा योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन सहित अन्य स्थानीय जरूरतों के संबंध में लोगों के सुझाव भी लिए। इस दौरान प्रखंड प्रशासन के अलग अलग विभागों द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए अलग अलग स्टॉल भी लगाए गए थे। इस मौके पर केवाईपी प्रशिक्षण पूरा करने वाली पांच छात्राओं ने को डीएम ने अपने हाथों प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



### ब्रह्मपुर प्रखंड में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को दिया गया स्वीकृति पत्र

ब्रह्मपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में अयोजित जन संवाद में जिला पदाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीण जनता को विस्तार से बताया। उन्होंने महिला उद्यमी योजना, जीविका, कृषि विभाग, लघु जल संसाधन, महिला हेल्प लाइन, श्रम विभाग, साइबर थाना, डायल 112 आदि के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों ने अपना अनुभव साझा किया गया। डीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व प्रमाण पत्र भी जन संवाद कार्यक्रम में वितरित किया। उन्होंने ब्रह्मपुर प्रखंड में संचालित कौशल विकास योजना की प्रशिक्षण पूरा करने वाली कल्पना कुमारी, कंचन कुमारी, हरिओम पांडेय, विकास कुमार, अभिलासा कुमारी, साधना ओझा, रंजिता कुमारी, कृति कुमारी, सपना कुमारी एवं अंजली कुमारी को प्रमाण पत्र सौंपा जबकि मनरेगा के अंतर्गत बकरी शेड के लिए निमा देवी एवं नूरजहाँ बेगम, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत संतोष कुमार ठाकुर, जीविका अंतर्गत पूनम कुमारी एवं प्रभावती देवी, श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत जनार्दन राम एवं गोपाल प्रसाद एवं राशन कार्ड अंतर्गत 08 लोगों को स्वीकृति पत्र-प्रमाण पत्र दिया गया।

# समेकित कृषि प्रणाली से किसानों को होगा दुगना लाभ

**केटी न्यूज/बक्सर**

समेकित कृषि प्रणाली विषय पर किसानों के बीच जागरूकता तथा विशेषकर चौसा ताप विद्युत परियोजना से चौसा एवं आसपास क्षेत्र के प्रभावित किसान बंधुओं के बीच शशक्त और सतत कृषि आजिविका की जानकारी देने के उद्देश्य से एसजेवीएन फाउन्डेशन लिमिटेड, द्वारा प्रायोजित ह्लसमेकित कृषि प्रणालीह्व विषय पर 05 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार गर्ग, मुख्य अधिशासी अधिकारी, एसजेवीएन फाउंडेशन लिमिटेड, बक्सर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीष्ठ वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ. देवकरन तथा उपस्थित प्रगतिशील महिला एवं पुरूष किसान प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. देवकरन ने मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 05 दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 कक्षाएँ तथा प्रक्षेत्र भ्रमण संबंधित विषयों के वैज्ञानिक, कृषि अध्यापक एवं विशेषज्ञों के द्वारा प्रतिभागियों को समेकित कृषि विषय पर जानकारी दी जाएगी।



**सब्जी की खेती और कुकुक्ट पालन को बढ़ावा देने पर हुआ विस्तृत चर्चा:** कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संजय कुमार गर्ग ने किसानों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा लाभ अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों के बीच सब्जी बीज कीट एवं संकर टमाटर के पौधों का वितरण किया गया एवं कुकुक्ट पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 02 महिला किसानों के बीच सोनाली कुकुक्ट चूजों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनुप दास ने समेकित कृषि प्रणाली मे संरक्षित खेती का महत्व एवं संभावनाएं व जैविक खेती आधारित समेकित कृषि प्रणाली विषय पर किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन रामकेवल एवं धन्यवाद ज्ञापन हरिगोबिंद ने किया। मौके पर एसजेवीएन फाउन्डेशन के उदय कुमार सिन्हा, प्रमुख मानव संसाधन, प्रवीण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन, महेन्द्र सिंह वर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रिल्स बना रहे युवकों को बचाने में पलटा पिकअप, सभी सकुशल

**बक्सर।** सोमवार की सुबह एनएच 922 पर रिल्स बना रहे युवकों को बचाने के प्रयास में एक पिकअप बीच सड़क पर पलट गई। हालांकि इस दुर्घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ है। घटना सुबह 9 बजे दलसागर से एक किमी पश्चिम औद्योगिक थाना क्षेत्र की है। पिकअप पर मिर्च लदी थी तथा वह बक्सर से ब्रह्मपुर जा रही थी। पिकअप पलटने के बाद सड़क पर दूर-दूर तक मिर्च की बोरियां बिखर गई थी। मिली जानकारी के अनुसार एनएच 922 पर दल सागर के पास कुछ युवक रिल्स बना रहे थे। इसी दौरान बक्सर की तरफ से मिर्च लदी एक पिकअप आ रहा थ्था। चालक युवकों को सड़क से हटाने के लिए हॉर्न बजा रहा था, लेकिन रिल्स बनाने में मशगुल युवकों पर इसका कुछ असर नहीं पड़ा। इधर पिकअप काफी करीब आ गई थी। चालक आनन फानन में ब्रेक लगाया। जिससे पिकअप पलट गई। इसके बाद रिल्स बना रहे युवक भाग खड़े हुए। बता दें कि एनएच 922 सहित जिले की अन्य सड़कों तथा पुल-पुलियों पर इन दिनों रील बनाने वाले युवक कई तरह के स्टंट कर रहे हैं। जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी हो जा रही है। प्रशासन की बेफिक्री से ऐसा करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

## रौनियार वैश्य महासभा का परिवार मिलन समारोह संपन्न, जिला संयोजक बने शत्रुघ्न गुप्ता

# पूरे देश में होनी चाहिए रौनियार परिवार की एकजुटता: राजू गुप्ता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के एक निजी सभागार में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, डुमराँव का परिवार मिलन समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन प्रत्येक साल अंतिम हिन्दू सम्राट व रौनियार कुलभूषण महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य उर्फ हेमु साह के विजयोत्सव के उपलक्ष में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के संयोजक राजू गुप्ता ने किया। बतौर मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरवन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राकेश गुप्ता के अलावे दिनारा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सरोज गुप्ता, केसठ के पूर्व प्रखंड प्रमुख रमेश गुप्ता, भागलपुर से आये सुरेश गुप्ता, बिहिया के अरविंद गुप्ता आदि अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार ने व संचालन सचिव के के गुप्ता ने किया। अतिथियों का स्वागत संयोजक मोहन गुप्ता ने किया।




कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर तथा अंतिम हिंदू सम्राट रौनियार कुलभूषण महाराजा हेमचंद विक्रमादित्य के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में अतिथियों को अंग वस्त्र, बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्रवण गुप्ता ने कहा कि यह शाहाबाद में पहला कार्यक्रम देखने को मिल रहा है जिसमें बच्चे महिलाएं और बुजुर्ग हजारों की संख्या में समाज को एकजुट बनाने में अहम योगदान दे रहे हैं। सभी परिवार को इतनी संख्या में एक बार देखकर अध्यक्ष बहुत खुश दिखाई दिए और बोले की कभी भी आप लोग ऐसा कार्यक्रम में बुलाएंगे तो मैं हर पल जाऊंगा। राष्ट्रीय संयोजक राजू गुप्ता ने कहा कि यह रौनियार परिवार की ऐसी एकजुटता पूरे देश में होना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में संस्था कार्यकारणी सदस्य सुरेश गुप्ता, अजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज कुमार, रमेश गुप्ता, रोशन गुप्ता, सुरेश कुमार, राजा गुप्ता, उमेश गुप्ता, विनय कुमार, राकेश कुमार, गुड्डु, ओमप्रकाश, मुन्ना, रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू समेत कई अन्य शामिल थे। अंत में प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने रवि राज को बक्सर जिला का अध्यक्ष और शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहन गुप्ता को जिला का संजोजक घोषित किया।



# मंचन: नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... पर झूमे श्रद्धालु

**केटी न्यूज/बक्सर**



सोमवार को बक्सर का ऐतिहासिक किला मैदान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... के सुमधुर गायन से गूंज उठा। 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के तीसरे दिन श्रीकृष्ण के जन्म के बाद बाबा नंद के घर उत्सव के मंचन का। वृंदावन के कलाकारों ने जैसे ही यह लोकप्रिय बधाई गीत का मंचन शुरू किया श्रद्धालुओं से खचाखच भरा किला मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा। लोग समवेत स्वर में इस गीत को गाने लगे। जिससे कलाकारों का उत्साह बढ़ गया था। लोग देर तक उत्साह व आनंद के सागर में गोते लगाते रहे। वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला प्रसंग के दौरान मनु शतरूपा व रावण के तपस्या का मंचन किया गया। इस दौरान भी पूरा किला मैदान श्रद्धालुओं से भरा था।

वहीं, देर रात तक रामलीला देखने वाले श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। रामलीला में दिखाया गया कि महाराज मनु अपने सभा कक्ष में बैठे हुए मन में विचार करते हैं कि मुझे राज करते-करते काफी समय हो चुका है। अब अपने पुत्र उत्तानपाद को सिंहासन सौंप कर भगवत भजन करते हुए तपस्या में समय व्यतीत करना चाहिए। ऐसा निर्णय करके महाराज मनु अपनी महारानी शतरूपा के साथ नेमिसारण क्षेत्र वन प्रदेश को तपस्या के लिए चल पड़ते हैं। वहां पहुंचकर महाराज मनु एवं शतरूपा घोर तप करते हैं। उनके कठोर तप को देखकर भगवान प्रसन्न होकर महाराज मनु से वरदान मांगने को कहते हैं। तब महाराज मनु नारायण से उन्हीं के समान पुत्र का वर मांगते हैं। यही महाराज मनु आगे चलकर दशरथ के रूप में और शतरूपा कौशल्या के रूप में जन्म लेती है।

**रावण के पुत्रों एवं पौत्रों की गणना कोई नहीं कर सकता :** इधर रावण व कुंभकरण भी तपस्या करते हैं। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मदेव उन्हें वरदान देते हैं। रावण का विवाह मंदोदरी के साथ होता है। लंका का राजा बनने के बाद रावण घोर अत्याचार करने लग जाता है। रावण के पुत्रों एवं पौत्रों की गणना कोई नहीं कर सकता था। एक-एक योद्धा जगत को जीतने की क्षमता रखता था। यह देखकर रावण राक्षस दल को गाय और ब्राह्मणों पर अत्याचार करने का आदेश देता है और राक्षस दल घोर अत्याचार करने लगते हैं। उक्त लीला को देखकर श्रद्धालुगण भाव विभोर हो जाते हैं। वहीं दिन में रासलीला के दौरान नंद महोत्सव प्रसंग का मंचन किया गया जिसमें दिखाया गया कि जब ब्रजमंडल में बृजवासियों को नंद बाबा के यहां 85 वर्ष के उम्र में बच्चे ने जन्म लिया है, इस बात की खबर लगते ही सभी बृजवासी अपने-अपने घरों से बधाई सामग्रियां लेकर नंद बाबा के घर पहुंचते हैं और सभी खुशियां मनाते हुए बधाई गीत गाते हैं। कलाकारों के बेहतर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं के बीच भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही थी। रासलीला व रामलीला के दौरान श्रद्धालु अपने जगह से टस से मस नहीं हो रहे थे। जैसे जैसे यह आयोजन आगे बढ़ते जा रहा है, वैसे वैसे श्रद्धालुओं की संख्या व उत्साह भी बढ़ रहा है।

## एक नजर

### 2024 में पूरा देश परिवर्तन के मूड में है, जिसका आगाज बिहार से शुरू हो चुका है : भाई वीरेंद्र



**आरा।** सोमवार को मनेर के राजद विधायक भाई वीरेंद्र एक दिवसीय दौरे पर जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। जहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार वो भूमि है कि जब-जब अंगड़ाई लेती है देश में परिवर्तन होता है। 9 अगस्त 1942 को बिहार से ही महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ बिगूल फूंका था और अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था। देश आजाद होन के बाद जब 1974 का आंदोलन हुआ, आपातकाल के खिलाफ में बिहार से लड़ाई शुरू हुई। उसे संपूर्ण क्रंति का नारा दिया गया और एक बार फिर बिहार से क्रांति शुरू हुई है। राजद नेता भाई वीरेंद्र ने कहा कि 2024 में पूरा देश परिवर्तन के मूड में है और जिसका आगाज बिहार से शुरू हो चुका है। आरजेडी नेता भाई वीरेंद्र ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय है कि 2024 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाना चाहिए। जिस तरह से देश आजाद हुआ तो पहले राष्ट्रपति बिहार से बने थे। उसी तरह से जब परिवर्तन हो तो बिहार का प्रधानमंत्री हो। वहीं बिहार के पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह की ओर से दिए गए आपत्तिजनक टिप्पणी पर भाई वीरेंद्र ने कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है। जाति गणना से सभी को अपनी भागीदारी जानने का संवैधानिक अधिकार है। मनेर विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि बिहार से 'बीजेपी हटाओ देश बचाओ' का नारा शुरू हो चुका है। ऐसा लगता है देश एक बार फिर बिहार के आवाज को सुनती है जब जब बिहार से चिंगारी फैलती है वो चिंगारी पूरे देश में फैलती है। 'बड़का झूठा पार्टी' को भगाओ देश बचाओ, जिसने वादा किया था कि हम हर वर्ष नौजवानों को दो करोड़ रोजगार देंगे। 10 साल होने को है एक भी रोजगार नहीं मिला। महंगाई चरम पर है। कहा था कि किसानों की उपज का दोगुना दाम देंगे। किसानों की उपज का दाम भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों के खेतों में पानी नहीं मिल पा रहा है। ये पूंजीपतियों की पार्टी है। बिहार ही अगुआई करेगा।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

**जहानाबाद।** पटना गया रेलवे लाइन पार करने के क्रम में सोमवार को दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गया-पटना रेल खंड पर ग्राम कुतवन चक के पास रेलवे लाइन पार करने में एक युवक तथा एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के माने तो दोनों अचानक रेलवे लाइन को पार कर जाना चाह रहे थे। तभी अचानक ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। घटना के उपरांत लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तथा शव को पहचानने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने किसान को रौंदा, मौत

आरा। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संगम टोला गांव के समीप सोमवार की शाम तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। जो अपने बेटे से मिलने जा रहे थे। लेकिन उन्हें बेलगाम ट्रक ने रौंद डाला। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी किसान की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गयी। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना गांव निवासी पारस नाथ गुप्ता थे। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया है। किसान के भाई बनारसी प्रसाद ने बताया कि उनके बड़ा बेटा संतोष कुमार जगदीशपुर के नयका टोला बाजार पर किराना का दुकान चलाता है। सोमवार की शाम वह लूना बाइक पर सवार होकर उससे मिलने के लिए नयका टोला जा रहे थे। उसी दौरान संगम टोला के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद डाला। जिसके बाद स्थानीय थाना ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया। जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### चोरों ने उड़ाए नगदी व लाखों के आभूषण

**जहानाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के राजाबाजार स्थित शिक्षक कॉलोनी में फौजी के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। जिसमें चोरों ने घर में रखे 20 हजार नगद समेत तकरीबन तीन लाख की आभूषण उड़ा लिए। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। चार घंटे बीत जाने के बाद भी मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पीड़ित गृहस्वामी नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि वह 6 अक्टूबर को अपने घर में ताला बंद कर पटना चले गए थे। सोमवार को जब वह पटना से लौट कर आये तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद है। किसी तरह मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि घर के सभी कमरे का ताला टूटा हुआ है और घर में रखे सारा सामान बिखरा पड़ा है।

## बक्सर में स्व. कांशीराम जी के 17वें परिनिर्माण दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह

# बहुजनों पर अत्याचारों में हुई बढ़ोत्तरी: अनिल

**केटी न्यूज/बक्सर**



बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता एवं संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी के 17वें परिनिर्माण दिवस पर किला मैदान बक्सर में आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी डॉ. लालजी मेघांकर, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव के साथ प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनका स्मरण करते हुए दलित और वंचित समाज को उनका हक दिलाने के लिए मजबूत संघर्ष का संकल्प लिया। मंच संचालन साजिद हुसैन और अध्यक्षता सुभाष गौतम ने किया।

मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि कांशीराम जी ने अपनी पूरी जिंदगी अपने गुरुओं, संतों, बड़े-बुजुर्गों एवं विशेषकर परम पूज्यनीय डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए देशभर के करोड़ों दलितों, पीड़ितों, शोषितों आदिवासियों तथा उपेक्षित वर्गों को अपने पैरों पर खड़ा करने में बीता दी। उन्होंने बहुजनों, उपेक्षित वर्गों एवं अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अपने सुख-चैन तक का परित्याग कर दिया ताकि करोडों लोगों के जीवन में खुशियां आ सकें।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आप सभी के साथ आज मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कैसे दूरगामी दृष्टि से उन्होंने छत्रपति साहू विश्वविद्यालय, इसके साथ ही उन्होंने 1000 करोड़ की धनराशि से महामाया कन्या इंटर कॉलेज एवं पंचशील बॉयज इंटर कॉलेज का निर्माण उत्तर प्रदेश के नोएडा में किया गया और सावित्री बाई फुले गर्ल्स इंटर कॉलेज और गौतम बुद्ध बॉयज इंटर कॉलेज आधुनिक सुविधा से लैस तथा भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के किसान भाइयों के लिए यूपी लैंड अधिग्रहण अधिनियम बनाया गया ताकि हमारे किसान भाइयों को उचित मूल्य मिल सकें।

**अपराधियों की तरह सात माह जेल में रखा :** अनिल कुमार ने कहा कि सन 2021 सिंतबर के महीने में बिहार के सुशासन बाबू उर्फ कुर्सी कुमार ने बिना किसी ठोस सबूत के मुझे किसी अपराधी के भांति सात महीने से अधिक जेल में कैद करके रखा। इससे साफ पता चलता है कि इनकी मंशा बहुजनों, उपेक्षित वर्गों के समस्या का समाधान करना नहीं अपितू कमजोर करना है। लेकिन साथियों यह भूल गए है कि हम बहुजनों ने भारी से भारी विपत्ति को हंसते -हंसते अपने सीने पर लिया है। यह हमें कमजोर करने में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। विगत कुछ महीना पहले ही आजादी का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, लेकिन बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज भी दलितों, पिछड़े वर्गों के साथ होने वाले अत्याचार में कोई कमी नहीं आई है। बल्कि इसमें बढ़ोतरी ही हुई है।

**महागठबंधन सरकार वर्षों से कान में रुई डालकर सोई हुई है :** उन्होंने कहा कि के डाटा के अनुसार सन 2021 में 1.2 % बढ़ा है। वर्ष 2020 - 2021 में लगभग 50 हजार से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किया गया हैं। लेकिन दलितों पर हो रहे अत्याचार के मामले में सुशासन का दावा करने वाली महागठबंधन सरकार वर्षों से कान में रुई डालकर सोई हुई है। न - तो इनको दलितों, पीड़ितों की पीड़ा सुनाई देती है और न ही इन पर हो रहे अत्याचार दिखाई देता है। पिछड़ों की हितेषी का दावा करने वाली सरकार पिछले 30 से अधिक वर्षों से धृतराष्ट्र बनकर तमाशबीन बनी हुई है। देशभर में जिस तरह से दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे है ऐसे में हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकते है। आइए आज हम सभी इस मंच से संकल्प लें कि जबतक हमारे दलित परिवारों पर हमला बंद नहीं होता है। उन्हें राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर समानता नहीं मिलता है। तबतक हम सभी साथी बिना रुके बिना थके दिन रात अपने भाइयों, बहनों के हितों को रक्षा करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।






# कंटेनर ने ऑटो में पीछे से मारी टक्कर, छात्रा की मौत व 4 घायल

**केटी न्यूज/गया**



जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-2 पर सोमवार की सुबह सड़क हादसे में 13 वर्षीय एक छात्रा की मौत हो गई।वहीं, हादसे में ऑटो सवार अन्य चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। मृतक छात्रा की पहचान सोमिया गांव निवासी छात्रा पूनम कुमारी के रूप में हुई है। छात्रा की मौत कर बाद पूरे गांव में कोहराम मचा है। घटना के बाद कंटेनर के साथ ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से ऑटो से घायलों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। हादसे में अरविंद कुमार, रामदेव ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर और अजीत कुमार बुरी तरह घायल हुए हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ऑटो के पीछे से कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण दौड़ पड़े। प्रतिदिन की तरह की छात्राएं कोचिंग जाने के लिए ऑटो पर बैठकर जा रही थीं तभी तेज रफ्तार से आ रही कंटेनर ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद कंटेनर चालक ने वाहन के साथ भागने की कोशिश की। हालांकि सूर्य मंडल चेक पोस्ट पर वाहन को पकड़ लिया गया। मामले में बाराचट्टी थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की और छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मामले में कंटेनर के ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए घटनास्थल से कंटेनर को भी जब्त कर लिया गया है। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### अपराधियों ने दुकानदार को मारी गोली, स्थिति गंभीर

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार में रविवार की देररात बदमाशों ने 50 वर्षीय एक दुकानदार को गोली मार कर जख्मी कर दिया। जिससे से वह बुरी तरह जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि दुकानदार ने अपराधियों को लिट्टी मुर्गा देने से मना कर दिया। जिससे नाराज होकर उन्होंने युवक पर गोली दाग दी। जसके बाद ग्रामीणों की मदद से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी दुकानदार चरपोखरी थाना क्षेत्र के केवटिया गांव के निवासी नानकु साह का बेटा अनिल साह है। जो स्थानीय बाजार में नाश्ता का दुकान चलाता है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की देरशाम जब अनिल अपनी दुकान बंद कर रहा था, उसकी समय दो आपराधिक किस्म के युवक बाइक से उसकी दुकान पर पहुंचे। उन्होंने अनिल से लिट्?टी और मुर्गा देने की मांग की। जिस पर अनिल ने उन्हें मना कर दिया। जिसको लेकर दोनों में बहस हुई और उनमें से एक ने अनिल को गोली मार और फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार को आरा सदर अस्पताल में भर्ती करने के लिए भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक इलाज कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन पिरजन उसे बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। दुकानदार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस स्थानीय लोगों और परिजनों का बयान दर्ज कर अपराधियों की शिनाख्त में जुट गई है।






## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के जिला स्तरीय परियोजना संपन्न

# बाल विज्ञान कांग्रेस में मानस इंटरनेशनल रहा प्रथम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**




जिले के प्रतिष्ठित मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के परिसर में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के जिला स्तरीय परियोजना के प्रस्तुतीकरण में स्कूल के छात्र कोमल कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिसके उपलक्ष में स्कूल की ओर से प्रतिभा समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. अरुण ने कहा कि 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में देश के बाल वैज्ञानिकों को अपने प्रतिभा दिखाने का बढ़िया मंच है जहां स्कूल के बाल वैज्ञानिक जिला एवं राज्य से लेकर के राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा के बल पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों को अपनी रचनात्मकता प्रकट करने और कल्पना को आकर देने की जिज्ञासा को बढ़ाता है। यही कारण है की इस स्कूल के कोमल कुमारी में बाल वैज्ञानिक बनने के 100% गुण विद्यमान है और आशा करता हूं की राज स्तरीय परियोजना प्रस्तुतीकरण में भी इसका चयन निश्चित है।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि बाल मन को अगर वैज्ञानिक दिशा दिखाई दे वह बड़ी से भरी समस्या का समाधान आसानी से दूर कर सकते हैं। इसी दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एनएसटीसी द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा की स्कूल के बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन पूर्णता देश हित में है जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य एवं कल्याण के परीतंत्र को समझना एवं स्थानीय समस्या पर शोध प्रक्रिया से प्रोजेक्ट तैयार कर बाल वैज्ञानिक भाग ले सकते हैं।



केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

# बलिया/मऊ

बक्सर, 10 अक्टूबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों ने भरी हुंकार

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जनपद इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षकों ने टाउनहाल बापूभवन स्थित डाकघर पर उपस्थित होकर पुरानी पेंशन बहाली व केन्द्र के समान मेमोरेंडम जारी करने हेतु प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री को पोस्टकार्ड लिखा।

पोस्टकार्ड अभियान का शुभारम्भ करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे ने कहा कि आज के बाद यह





## ❒ केन्द्र के समान मेमोरेंडम जारी करने की मांग

अभियान सभी ब्लॉकों में विभिन्न तिथियों पर संचालित होगा और ब्लॉक कार्यकारणी द्वारा अभियान चलाकर प्रत्येक शिक्षक/कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली अभियान से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर शिक्षकों ने चेताया कि यदि शीघ्र पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई तो शिक्षक व कर्मचारी एकजूट हो कर आगामी लोकसभा चुनाव में वोट की चोट कर सरकार के खिलाफ मतदान करने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे ने कहा कि आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक बैंकों ने कारपोरेट घरानों के लगभग लाखो करोडों रुपये से अधिक की धनराशि बट्टे खाते में डाल दी जिस में से सिर्फ 19 प्रतिशत की ही वसूली हो पाई वहीं नहीं सरकार द्वारा बड़े उद्योगपति घरानों के मोटे कर्जों को माफ किया गया लेकिन शिक्षक और कर्मचारी पेंशन की मांग करता है तो वित्तीय भार की दुहाई दी जाती है।यह प्रश्न पैदा होता है कि जिन्होंने 20 से 35 वर्ष तक राष्ट्र के लिए कार्य किया,उन्हें रिटायरमेंट के बाद बुढ़ापे में बाजार के भरोसे छोड़ देना कहाँ तक उचित है। दुनिया के कई देश अपने जीडीपी का 15 से 40 प्रतिशत खर्च कर रहे हैं वहीं हमारा देश महज 3 प्रतिशत खर्च करता है।

## देश उन बुजुर्गों का भी, जिन्हों अपनी जवानी लगा दी

डॉ. चौबे ने कहा कि यह देश उन बुजुर्गों का भी है ,जिन्होंने देश के विकास के लिए अपनी जवानी लगा दी। यदि नई पेंशन स्कीम को सरकार सही मानती है,तो इसे सांसदों,विधायकों व मंत्री जी लोगों पर भी लागू करना चाहिए। एक देश,एक संविधान तो फिर पेंशन पर दो विधान क्यों। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश सिंह नें कहा कि इसे नकारा नहीं जा सकता कि पेंशन को लेकर शिक्षक, कर्मचारियों में असंतोष का विस्तार हुआ और सरकार को अपने सोंचने का ढंग बदलना होगा।

# जिला उद्योग कार्यालय के उपायुक्त पर अश्लील हरकत का लगा आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला उद्योग कार्यालय में तैनात उपायुक्त मायाराम सरोज के उपर अश्लील हरक्कत का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो महिलाएं कलेक्ट्रेट परिसर में भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में जिक्र किया कि हम प्रार्थिनीगण गरीब महिला है तथा सिलाई मशीन के द्वारा काम करके जीवन यापन करती हूं। जब हम महिलाएं नई सिलाई मशीन व उससे सम्बन्धित कार्य हेतु जिला उद्योग कार्यालय मुख्यालय पर जाते हैं तो उपायुक्त मायाराम सरोज घर पर बुलाते है तथा अश्लील हरकत करते है, बेइज्जती भी करते है। पूर्व में भी इसकी शिकायत सक्षम अधिकारियों के यहां की गई है फिर भी वे अपने हरक्कत से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में उपायुक्त के खिलाफ अविलंब कार्रवाई हो, अन्यथा हम महिलाएं कलेक्ट्रेट में भूख हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। बताया कि एक अधिकारी के इस तरह की हरक्कत से हम लोग भयभीत है।

## खबरें फटाफट

### खेतों में पराली जलाए जाने पर लगेगा जुर्माना

बलिया। सिविल लाइन स्थित कृषि भवन में उप कृषि निदेशक इंद्राज ने सोमवार की दोपहर दो बजे बताया कि धान की कटाई के उपरान्त खेतों में पराली जलाए जाने पर जुमार्ना लगेगा। बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की धारा 24 एवं 26 के अन्तर्गत खेत में फसल अवशेष जलाना एक दण्डनीय अपराध है, पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु दण्ड के प्राविधान है। जिसमें दो एकड़ तक के किसानों को रुपए दो हजार पांच सौ प्रति घटना जुमार्ना, दो एकड़ से पांच एकड़ तक के किसानों को रुपए 05 हजार प्रति घटना जुमार्ना एवं 05 एकड़ से अधिक भूमि पर रुपए 15 हजार प्रति घटना जुमार्ना। अपराध की पुनरावृत्ति करने पर कारावास, अर्थदंड एवं विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं आदि से वंचित कर दिया जायेगा। पराली से जैविक खाद बनाकर उर्वरक लागत कम करें। नजदीक के निराश्रित गौशाला में पराली देकर गोबर खाद प्राप्त करें।

### किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन



मऊ। जनपद में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम डा. बीके यादव ने बताया कि शासन के निर्देश जिले के समस्त ब्लॉकों एवम शहर में दो दो इंटर कॉलेज या विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य मंच आयोजित करने के लिए सभी ब्लॉको को निर्देशित किया गया है। डीइआईसी मैनेजर अरविन्द वर्मा ने बताया कि किशोर स्वास्थ्य मंच का द्वितीय आयोजन सोमवार को ब्लॉक कोपागंज में संत जोसेफ इंटर कॉलेज, इंदारा, कोपागंज, ब्लॉक परदहा के श्री वन देवी इंटर कॉलेज, सिधवल, ब्लॉक रतनपुरा में सिद्ध नाथ इंटर कॉलेज, हलधरपुर, ब्लॉक शहर मऊ में आलिया बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ।

### पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु करें आवेदन

मऊ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह ने बताया कि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उप्र द्वारा पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2023-24 हेतु निर्गत समय सारणी के अनुसार समस्त प्रकार की पूर्वदशम (कक्षा 9-10)/ दशमोत्तर कक्षाओं में अध्यनरत छात्र के आनलाइन आवदेन से वितरण तथा अन्य कार्यों हेतु समय सारणी निर्गत की गई है। जिसमे पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु छात्र के आनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 सितम्बर से 10 नवम्बर तक व आवेदन पत्रों की हार्ड कापी छात्र द्वारा वांछित संलग्नको सहित आवेदन पत्र आनलाइन करने के 01 सप्ताह के अन्दर संस्थान में आवेदन पत्र की हार्ड कापी जमा करना आवश्यक है तथा संस्था द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं अभिलेखो से छात्र / छात्राओं के पात्र आवेदन पत्रों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक निर्धारित की गई है।

## आठ करोड़ 15 लाख की लागत से मगई नदी में बन रहे पुल का 50 फीट लंबा स्लैब गिरा

# लोकार्पण के पहले ही पुल डैमेज तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

### ◆सरकार की जीरो टालरेंस नीति सवालों के घेरे में

**केटी न्यूज/लक्ष्मणपुर**

नरहीं थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव स्थित मगई नदी में बन रहे पुल का एक स्लैब रविवार की शाम गिर जाने से सरकार की जीरो टालरेंस नीति सवालों के घेरे में है। हालांकि जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। जांच टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन भी किए। लोगों की जुबान पर लोकार्पण के पहले ही पुल इस तरह डैमेज होने पर कमीशनखोरी, लापरवाही व भ्रष्टाचार तमाम चीजें तैरने लगी है।

फिरोजपुर गांव के पास मगई नदी पर बन रहे पुल का एक स्लैब रविवार शाम अचानक धराशायी हो गया। संयोग रहा कि उस समय कोई मजदूर कार्यस्थल पर नहीं था। इस घटना को बलिया के जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। अधिकारियों की लापरवाही रही या फिर परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच के लिए उन्होंने



तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया है। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रकरण में रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फेफना विधानसभा के फिरोजपुर में मगई नदी पर पुल भाजपा सरकार में ही स्वीकृत हुआ था। पुल का निर्माण 2021 में प्रारंभ हुआ। लगभग 8 करोड़ 15 लाख की लागत है। पुल का कार्य सेतु निगम की ओर से कराया जा रहा है। रविवार शाम पुल का 50 फीट लंबा स्लैब गिर गया।

### घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं

संयोग बढ़िया रहा कि कोई हादसा नहीं हुआ। वजह कि उस समय काम बंद था। मजदूर घर जा चुके थे। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना पर सेतु निगम के स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। लखनऊ से टीम आने पर मामले की जांच की बात कही जा रही थी।

### शासन को जाएगी रिपोर्ट

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कमेटी में एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, एक्सईएन आरईडी और एई डीरडीए को रखा गया है। उन्होंने कहा कि हादसा लापरवाही से हुआ है या भ्रष्टाचार के कारण ये जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा। दोषी अधिकारियों के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# व्यापार मंडल का लगाया गया पौधा अब वट वृक्ष का स्वरूप ले चुका है: मुकुंद

**केटी न्यूज/मऊ**

व्यापार मंडल की बढ़ती लोकप्रियता इस बात का गवाह बन चुका है कि पहले लोग सेल टैक्स, इनकम टैक्स तथा खाद्य विभाग के छापे पड़ते ही लोग दुकान बंद करके भाग जाते थे, परंतु व्यापार मंडल की बढ़ती सांगठनिक क्षमता ने व्यापारियों के अंदर अदम्य इच्छा और सांगठनिक रूप से मजबूत बना दिया है,। जिसकी वजह से छापे इत्यादि पड़ते ही व्यापारी अधिकारियों से आंख में आंख मिलाकर के बातें करने लगा है।

यह विचार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद





मिश्रा के हैं। वह मऊ जनपद मुख्यालय स्थित आशीर्वाद पैलेस में व्यापारियों के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आए स्वाभिमान रथ यात्रा कार्यक्रम में व्यापारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन के मजबूती के दायरे को देखते हुए अनेक राजनीतिक संगठनों ने अपने घोषणा पत्र में व्यापारियों के लिए भी कोई न कोई हसिया खींचने लगे हैं। ताकि वह व्यापारियों को अपनी तरफ आकर्षित कर सकें। इस व्यापार मंडल को लाला विश्व भर दयाल तथा पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने वाराणसी में जो पौधे के रूप में खड़ा किया गया था, अब यह बट वृक्ष का रूप ले चुका है। यही नहीं केंद्र सरकार ने व्यापारियों की मांग पर केंद्रीय व्यापारिक बोर्ड का गठन कर दिया है। जिसकी पांच बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन इसके साथ ही हम लोग चाहते हैं कि व्यापार मंडल की जो भी समस्याएं हो प्रदेश और केंद्र सरकार तत्काल उसे पर सुनवाई करें ,और उसका समाधान निकाले।

# कांशीराम सामाजिक न्याय के पुरोधा: विष्णु

**केटी न्यूज/मऊ**

जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी जनपद मऊ के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निदेर्साअनुसार सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम जी के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बुनकर कॉलोनी पर कांग्रेस कार्यकताओं पदाधिकारी ने मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ,तत्पश्चा कार्यकताओं ने मान्यवर कांशीराम को सामाजिक न्याय के पुरोध्या हितैसी एवं उत्प्रेरक बताया गोष्टी के बाद कार्यकताओं ने जुलूस के शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सोपा गया ।जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के ऊपर भेदभाव का आरोप वर्णित था। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंतखाब आलम ने कहा कि सनातन





की रक्षा करने वाले लोग भाजपा की आंखों की किरकिरी बन गए हैं। सनातन का उपयोग भाजपा राजनीतिक हथियार के रूप में करती हैं । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष अजय राय जी बनारस में 'अन्याय प्रतिकार यात्रा' ₹सनातन के रक्षा के लिए निकाल रहे थे यह भाजपा की सरकार ने 82 लोगों के ऊपर मुकदमा कायम किया ,यही नहीं एक साजिश के तहत 82 में से 81 लोगों के ऊपर से मुकदमा वापस कर लिया गया।





### शौर्य जागरण यात्रा : जय श्री राम के नारे के साथ किया भव्य स्वागत

मऊ । अयोध्या से चलकर कशी होते हुए अन्य जनपदों के भ्रमण के बाद मोहम्मदाबाद गोहना शहीद चौराहा , बस स्टेशन पर पहुंचते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ो उत्साही कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के गगन भेदी उद्घोष के साथ इस यात्रा का भव्य स्वागत किया ।इस शौर्य जागरण यात्रा के साथ सैकड़ो की संख्या में केसरिया ध्वज लिए हुए उत्साही कार्यकर्ताओं द्वारा इनका स्वागत जगह-जगह पर किया। इस मौके पर यह जागरण यात्रा विजय स्तंभ चौक पर पहुंचते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड एवं भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता तथा अयोध्या राम की नगरी के साथ चल रहे इस यात्रा में बाबा रामदास मोनी एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा इस यात्रा का द्वीप जलाकर पूजन भी किया । इस मौके पर लोगों ने गगन भेदी जय श्री राम के नारे भी लगाए ।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 तीसरे चरण का हुआ शुभारंभ, वंचित लाभार्थी होंगे टीकाकृत

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में जिला महिला अस्पताल में नवजात को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नंद कुमार के द्वारा पोलियो ड्राप पिलाकर तीसरे चरण का सघन मिशन इंद्रधनुष-5.0 अभियान का शुभारभ किया गया। तीन चरणों में चलने वाले इस टीकाकरण अभियान में जन्म से पांच वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को नियमित टीके और गर्भवती को टिटनेस- डिप्थीरिया (टीडी) के टीके लगाए जा रहे हैं। इसका पहला चरण सात अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त तक चला, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक चलेगा तथा तीसरा चरण सोमवार से 14 अक्टूबर तक चलेगा।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. नंद कुमार ने दी। सीएमओ डा. नंद कुमार ने बताया कि टीकाकरण कवरेज में



तेजी लाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष की परिकल्पना की गई जिससे सौ प्रतिशत तक टीकाकरण किया जा सके। इसके तहत 15,207 से अधिक जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं 2,268 गर्भवती को पूरी तरह से प्रतिरक्षित किया जाना है। इसके अतिरिक्त जो बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं, उन्हें भी इस अभियान के तहत टीकाकरण का लाभ देना है। सघन मिशन इंद्रधनुष- 5.0 में 12 वैक्सीन-प्रीवेंटेबल डिजीज के खिलाफ टीकाकरण शामिल है, नवजात शिशुओं और बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों पोलियो, खसरा, रूबेला, रोटा वायरस, डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी आदि से बचाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है। इसके लिए अपनी क्षेत्र की आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से लगातार संपर्क करते रहें और जनपद को स्वस्थ एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, कहा-

# व्यावधान उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा, मूर्ति विसर्जन एवं भरत मिलाप के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा सलाहाबाद मोड़ से कंधेरी मार्ग, बरलाई से पूरा घाट मार्ग की मरम्मत कराने,सदर चौक से संस्कृत पाठशाला तक खुले एवं जर्जर बिजली के तारों को बदलने, अष्टमी एवं नवमी के दिन अग्निशमन विभाग को पूरी तरह तैयार रहने, मुख्य नालों के अलावा गली की नालियों की टूटी पटिया बदलने, विशेष साफ-सफाई करने, सूअर एवं



खच्चरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित स्थलों पर रखने, अष्टमी एवं नवमी के दिन भारी वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित करने, जिला चिकित्सालय में आकस्मिक सेवाएं अनवरत रूप से जारी रखने, डॉक्टर की तैनाती एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मूर्ति विसर्जन एवं जुलूस वाले रास्तों पर खुले में मांस की दुकानों को बंद करने, त्योहारों के दौरान बिजली कटौती न करने आदि जैसी समस्याओं से समिति को अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्योहारों की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिम्मेदार समस्त विभागों के अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए दायित्वों को पूरी निष्ठा से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण पूर्व में ही करने तथा त्योहारों के पूर्व ही सारी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। सबसे ज्यादा समस्याएं विद्युत विभाग को लेकर थी, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को बैठक के उपरांत ही सदस्यों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को त्योहारों के दौरान अनवरत रूप से विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## खबरें फटाफट

### अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया कि शैक्षिक सत्र व वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुसूचित जाति/ जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 एवं उससे उपर की कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए आनलाईन आवेदन के स्टेटस में Verified/Recommended By District Scholarship Committee प्रदर्शित हो रहा है। उन छात्रों के छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान किया जाना है। इसके लिए छात्र का आधार डेमोग्राफिक अथन्टीकेशन के साथ-साथ ओटीपी बेस्ड (मोबाइल पर) अथन्टीकेशन छात्र द्वारा स्वयं की लॉगिन से किया जाना है। राज्य एनआईसी लखनऊ द्वारा छात्र के लॉगिन एवं संस्था के लॉगिन पर आप्सन (विकल्प) उपलब्ध करा दिया गया है। अतः छात्र/छात्राओं व संस्था को अवगत कराना है कि यथाशीघ्र आधार डेमोग्राफिक अथन्टीकेशन के साथ-साथ ओटीपी बेस्ड अथन्टीकेशन कराना सुनिश्चित करें। जिससे निदेशालय स्तर से भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

### प्री-कैरियर काउंसिलिंग एवं रोजगार मेला का आयोजन 12 को

**गाजीपुर।** जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से 12 अक्टूबर 2023 को रोजगार मेला एवं प्री-कॅरियर काउंसिल का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय गाजीपुर व कौशल विकस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला एवं कॅरियर काउसिंल का आयोजन विकास खंड जमानिया (परिसर) में आयोजित किया जाएगा। उक्त मेले में विभिन्न कम्पनियां व नियोजक प्रतिभाग करेंगे। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। प्रतिभागी कम्पनियों में मुख्य रूप से एडेक्को प्रा0लि0, रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा0लि0, जी-4 एस0 सुरक्षा गार्ड आदि द्वारा स्टुवार्ड/सर्विस ब्वॉय, हाउस कीपिंग असोसिएट, स्टोर कीपर, वर्कर, फिल्ड आफिसर, मैकेनिक, सेल्स ट्रेनर, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स आफिसर, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, टेक्नीशियन आदि पदों पर चयन किया जाएगा।

### पुलिस की किलाबंदी तोड़ 300 वामपंथी जाएगा लखनऊ

**गाजीपुर।** 11 अक्टूबर को बामपंथियों का लखनऊ में हो रहा रैली को सफल बनाने के लिए जखनिया सहित गाजीपुर जिले से तकरीबन तीन सौ वामपंथी विभिन्न ट्रेनों से लखनऊ के लिए कूच करेंगे ।सिलसिले में सीपी एम जिला सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि बामपंथी जनवादी दलों द्वारा सविधान लोकतंत्र बचाओ, मंहगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार अपराध और किसानों मजदूरों छात्रों महिलाओं से छूट लूट नफरत की विरुद्ध आवाज बुलंद करेगे। तीन सौ से ज्यादा वामपंथी दल लखनऊ कूच करेंगे । जब से भाजपा सरकार आई है लगातार बेरोजगारी भ्रष्टाचार अपराध तो वही किसानों के तीन कृषि कानून वापस नही लिया। बिजली दर सहित तमाम योजनाएं चलाकर गरीब को गरीब कर अमीरों का अमीर कर दी ।उन्होंने ने कहा कि सूबे की सरकार में नफरत फैलाकर वाह वाही लूटी गई। जबकि धरातल पर गरीबों को दो जून का रोटी प्राप्त करने में पसीने छूट जाते हैं। इस मौके पर सीपीएम जिला कमेटी सदस्य आर. एम.राय, सीताराम यादव, अफजल, योगेंद्र यादव, वीरेंद्र गौतम, रामदर्श यादव, रामअवध सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया आईएमआई 5.0 के तीसरे चरण का शुभारंभ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी खाना के अंतर्गत कांशीराम आवास चांदमारी के नियमित टीकाकरण बूथ से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई-5.0) के तीसरे व अंतिम चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बच्चोंको पोलियो की दवा पिलाई।

बूथ पर कई बच्चों को मीजल्स-रूबेला सहित अन्य टीके भी लगाए गए। इसके अतिरिक्त जनपद के



समस्त 16 ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी-पीएचसी) व स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी तीसरे चरण की शुरूआत की गई। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वाराणसी मण्डल की अपर निदेशक डॉ मंजुला सिंह ने मण्डल स्तर पर वाराणसी के चौकाघाट सीएचसी से अभियान का शुभारंभ किया।

सीएमओ डॉ देश दीपक पाल ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान में किसी कारणवश छूटे पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती को प्रतिरक्षित करने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 चलाया गया है। अभियान में बच्चों को प्रमुख रूप से मीजल्स-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। साथ ही गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाएगा। यह टीका गर्भवती को व उनके गर्भस्थ शिशु को टिटनेस व डिप्थीरिया (गलघोंटू) रोग से बचाता है।

### कोई भी बच्चा न छूटे, सभी को लगाएं टीका

सीएमओ ने कहा कि कोई भी बच्चा छूटा हो तो उसका टीकाकरण अवश्य कराएं। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। टीका लगने के बाद सामान्य बुखार हो सकता है लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) तैयार की गई है। इसके अलावा नजदीकी सीएचसी-पीएचसी पर भी चिकित्सक से सलाह ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के तीसरे चरण के लिए जिले के छूटे पांच वर्ष तक के 15468 बच्चों एवं 3482 गर्भवती को टीकाकरण के लिए लक्षित किया गया है।

### सबकी आकांक्षा सबका विकास थीम पर संकल्प सप्ताह मनाए जाने का आह्वान

# राज्य सरकार की हर सुविधाएं लोगों को प्राप्त हो : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारत सरकार की नीति आयोग के द्वारा 30 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नई दिल्ली में आकांक्षात्मक विकास खंड़ों में सबकी आकांक्षा सबका विकास थीम पर आधारित 03 से 09 अक्टूबर तक निर्धारित संकल्प सप्ताह के रूप मनाये जाने का आह्वान किया गया था। नीति आयोग द्वारा जनपद के दो विकास खंड बिरनो एवं बाराचवर को आकांक्षी विकास खंड के रूप में चयनित किया गया है।

इस क्रम में विगत दिनों दोनों विकास खण्डो में संकल्प सप्ताह का आयोजन किया गया था। संकल्प सप्ताह के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विभागों द्वारा विकास खण्डो के सर्वांगीण विकास के लिए अपने-अपने विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित कार्यो को कराया गया।



वह चाहे स्वास्थ्य एवं पोषण हो या शिक्षा, बाल विकास, समूह, स्वच्छता , कृषि, जल जीवन से सम्बन्धित हो। जिससे विकास खण्ड का सर्वांगीण विकास हो सके।

इस क्रम मे आज विकास कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि नीति आयोग द्वारा संकल्प सप्ताह का यह कार्यक्रम एक सफल सप्ताह के रूप में मनाया गया है और यह यहीं समाप्त नही हो रहा है। यह कार्यक्रम विभिन्न विभागो द्वारा विकास खण्ड के सर्वांगीण विकास के लिए चलाया जाएगा। जिससे आंकाक्षी विकास के रूप मे चयनित यह विकास खण्ड विकास के पथ पर अग्रसर हो और यहां सरकार की हर सुविधाएं लोगों को प्राप्त हो, जो प्रत्येक विकास खण्डो मिलती है। उन्होने ब्लाक प्रमुख बाराचवर के द्वारा संकल्प सप्ताह के प्रत्येक कार्यक्रम मे सक्रियता भाग लेने एवं उपस्थित होकर अपना मार्ग दर्शन देने पर प्रशंन्नता जाहिर की।

### लोगो में जन जागरूकता की आवश्यकता

स्वाथ्य एवं पोषण, शिक्षा, बाल विकास, कृषि, जल जीवन मिशन, स्वच्छता एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक जानकार देते हुए बताया कि जब तक लोगो में जन जागरूकता नही बढ़ेगी तबतक गॉव का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं है। इसलिए हमे चाहिए की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें और लोगों को भी इस विषय मे जागरूक करे। अपने कूड़े का निस्तारण चिहिन्त स्थलों पर ही करें। समूह सखी के माध्यम से गॉव में महिलाओ द्वारा बनाये गये समूह को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। बीसी सखी के माध्यम से गॉवों पैसों की लेन देन बिना किसी समस्या के आपके घर एवं गॉव पर ही हो जायेगा। इन्ही सभी योजनाओ को आपतक पहुचाने एंव आपको अवगत कराने के लिए आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम चलाया गया है ताकि लोगो मे जागरूकता हो और गॉव विकास के पायदान पर आगे बढे।

### लिखित आश्वासन पर सफाईकर्मियों ने समाप्त की हड़ताल

**पीडीडीयू नगर।** नगरपालिका परिषद कार्यालय स्थित पानी टंकी के नीचे बकाए वेतन के भुगतान को लेकर नगर के चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल पांचवें दिन चेयरमैन और ईओ के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। इसके बाद सभी सफाईकर्मी काम पर वापस लौट आएं और नगर साफ सुथरा नजर आने लगा। नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग , संविदा और स्थायी रूप से कार्यरत कर्मचारी वेतन, पीएफ और एनपीएस बकाए भुगतान की मांग को लेकर साफ - सफाई का कार्य ठप कर हड़ताल पर चले गए थे। जिससे नगर क्षेत्र में कूडों का ढेर लग गया था।नगर वासियों का जीना दुश्वार हो गया। पांचवे दिन ईओ कृष्णचन्द्र और चेयरमैन सोनू किन्नर धरना स्थल पर पहुंचकर सफाई कर्मचारियों का काफी मान-मनौव्वल किया। साथ ही 12 नवंबर तक भुगतान किये जाने का आश्वासन दिया। जिसपर सफाईकर्मियो ने हड़ताल समाप्त कर दी ।सफाई कर्मचारी सुबह से ही साफ-सफाई कार्य में लग गए। जिससे नगर वासी राहत की सांस लिए।

## माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव मनाने का निर्णय



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शासन के निर्देश पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को कन्या जन्म उत्सव मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है।

जिसके क्रम में जिला प्रोविजन अधिकारी संजय कुमार सोनी के निर्देश के क्रम में 09 अक्टूबर 2023 को कन्या जन्म उत्सव का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी में किया गया। जिसमें 40 बच्चियों के जन्म पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्म उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं की माताओं को, हिमालया बेबी किट, तोलिया एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया किया, कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, महिला शक्ति केंद्र से महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक, शिखा सिंह गौतम एवं लक्ष्मी मौर्य बीपीएम और आशा बहने मौजूद रहे।

### योगासन चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**पीडीडीयू नगर।** छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर सदलपुरा में चंदौली जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले प्रथम योगासन चैंपियनशिप का आयोजन मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ अरूण कुमार सिंह एवं मुख्य अतिथि उमेश चन्द्र सिंह द्वारा योगासन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।योगासन में तीन कैटेगरी सब जूनियर, जूनियर, एवम सीनियर कैटेगरी के कुल 100 के लगभग प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग सब जूनियर में आयुषी, बालक वर्ग में आदित्य, जूनियर वर्ग बालिका मे भूमि, बालक वर्ग अमन और सीनियर वर्ग बालिका मे आयशा, बालक वर्ग में विनायक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को मैडल देकर मुख्य अतिथि सुबेदार सिंह, विवेक सिंह,संजय सिंह, योगासन के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सिंह, राजेश सिंह सहित योगासन जिला सचिव रमेश मौर्य, प्रमोद कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

## चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांध जाताया विरोध



**केटी न्यूज/चंदौली**

मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही स्वास्थ्य प्रशासन के विरोध में भड़ास निकाल और चेताया कि तत्काल वेतन नहीं दिया गया तो कर बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन करने में चिकित्सक व कर्मचारी पीछे नहीं रहेंगे। इसके लिए पूरी तरह से शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा।

इस दौरान चिकित्सकों ने कहा कि तीन माह वेतन नहीं मिलने के कारण तमाम तरह की परेशानियां हम सभी को हो रही है। यही नहीं कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिल रहा है जिससे उनके सामने भी भुखमरी के कगार पर पहुंच गए। इसके बाबत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर उर्मिला सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया गया था लेकिन उसे पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते हम चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारी नमस्कार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। अगर शासन और प्रशासन ने तत्काल हमारे वेतनमान नहीं दिए तो हम चिकित्सक, फार्मासिस्ट व कर्मचारी कार्य को बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।

### दुराचार व अश्लीलता मामले में कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक पर कार्रवाई तय

# सहायक अध्यापक के खिलाफ जांच शुरू

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा गठित पांच सदस्य टीम ने सोमवार को कंपोजिट विद्यालय उसरी में बीते 6 अक्टूबर की घटना का जांच पड़ताल किया। पीडीडीयू नगर की उप जिलाधिकारी न्यायिक दिव्या ओझा की देखरेख में शुरू हुई जांच कार्य में प्रधानाध्यापक भोला प्रसाद का बयान लेने के अलावा स्कूल की छात्राओं तथा छात्रों से अलग-अलग ढंग से पूछताछ की गई। इसके अलावा जांच टीम स्कूल की रसोईयां के घर पहुंची जहां रसोईयां के घर वालों से स्कूल के सहायक अध्यापक सूर्यकांत के आने की बात पूछा तथा उनसे जानकारी हासिल किया।

बीते 6 अक्टूबर को विद्यालय के सहायक अध्यापक सूर्यकांत पर स्कूल के कक्षा 8 की छात्राओं को कमरे में बंद करके अश्लील गाना सुनाने, उनसे अश्लील बातें करने, स्कूल में नशे की हालत में रहने और खुद बच्चों से पानी मंगा कर स्कूल में बैठकर शराब पीने तथा स्कूल में छुट्टी के बाद रसोईयां के घर जाने का आरोप रहा।

इस मामले में खंड शिक्षाधिकारी अजय कुमार के रिपोर्ट पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने सहायक अध्यापक सूर्यकांत को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था, मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने पीडीडीयू नगर की एसडीएम न्यायिक दिव्या ओझा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच का आदेश दिया।

जांच कार्य पूर्ण करने के बाद उप जिलाधिकारी दिव्या ओझा ने बताया कि जांच कार्य की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जांच टीम में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रामटहल, जिला कार्यक्रम अधिकारी जया त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी सदर डॉक्टर रछीता सिंह, डायट प्राचार्य माया सिंह रहे।

### जखनियां तहसील परिवहन से है कोसों दूर, जिला मुख्यालय आने- जाने में होती है लोगों को कठिनाई

**गाजीपुर।** जनपद में जखनियां तहसील मुख्यालय अपने आप में एक अलग पहचान रखती है, लेकिन आज तक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एक भी बस संचालित नहीं होती है। जबकि गाजीपुर मुख्यालय जाने के लिए ज्यादा यात्री मिलते हैं। जखनियां तहसील मुख्यालय, ब्लॉक, सीएचसी, सीओ कार्यालय, खाद्यान्न पूर्ति विभाग सहित दर्जनों डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को आने जाने पड़ते है। गाजीपुर मुख्यालय से भूतहियाताड़, बुजुगा, हसरजपुर , मनिहारी, रामपुर बलभद्र, रामसिंहपुर, प्रदुमपुर, अलीपुर मदरा, जखनियां, रायपुर, बहरियाबाद तक बाजार स्थित है। इससे परिवहन विभाग की दो बस संचालित होती तो लोगों को काफी सुविधा मिलती है। जखनियां तहसील सहित अन्य प्रतिष्ठान के काफी तादात में कर्मचारियों का आना जाना रहता है। फिर भी प्राइवेट जीप, आटो ही इस मार्ग पर चलती है। शाम छह बजे के बाद कोई भी सवारी वाहन नहीं चलती। इससे लोगों को काफी समस्या उठानी पड़ती है।

### जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का धूमधाम से हुआ आयोजन

**पीडीडीयू नगर।** दुल्हीपुर क्षेत्र के सतपोखारी गांव सभा में जश्न ए ईद मिलाद उन नबी 22 रवि उल अव्वल का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जिसमें आयोजक के रूप में ग्राम प्रधान हमींदुल्ला अंसारी थे। जिसमें अंजुमन को दो जगह पर आयोजित किया इसमें हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। वहां पर चरखे झूलों के अलावा बच्चों के लिए बहुत ही लुभावना खेल का सामान लगाया गया था जिसमें आसपास के अलावा बनारस के भी लोगों ने मेले का लुफ्त उठाया मेले व भीड़ का सिलसिला पूरी रात चला रहा था पूरा गांव जनता से भरी हुई थी इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से दुल्हीपुर चौकी इंचार्ज नसीबुद्दीन , से साहब आफताब अहमद व उनकी पूरी टीम लगी रही इसके अलावा गांव की कुछ जनता को प्रधान जी द्वारा सदस्य बनाकर देख रेख करवा गया।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने कांशीराम का मनाया परिनिर्वाण दिवस



**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को चंद्रा त्रिपाठी भवन काशीराम की परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जहां पर कांग्रेसियों ने कांशीराम के चित्र माल्यार्पण कर नमन किया एवं गोष्ठी कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि कांशीराम दलितों, शोषित,वंचित,तथा पिछड़े वर्गो के लिए आजीवन अपने जीवन को समर्पित कर दिया। स्वतः कुछ भी प्राप्त नहीं किया।इस दौरान रामजी गुप्ता, मधु राय, आनंद शुक्ला, श्रीराम यादव, गंगा प्रसाद,डॉ रीना,राहुल सिंह,अरुण द्विवेदी,प्रदीप मिश्रा,माधवेंद्र मूर्ति ओझा श्रीकांत पाठक,सतेंद्र उपाध्याय,कमलेश संत, शिवेंद्र मिश्रा,इन्द्रजीत मिश्रा अभिषेक मिश्रा, चंद्रमा राजभर, सम्पूणानंद दिवान,जुगुल किशोर, अमरदेव राम,विक्रम चौहान, विकाश खरवार, नरेंद्र तिवारी, सरफराज खान उपस्थित रहे।

### संकल्प सप्ताह में लोगों को किया सम्मानित



**चंदौली।** संकल्प सप्ताह आकांक्षी चहनिया ब्लाक मुख्यालय क्षेत्र पंचायत सभागार में समेकित बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने दीप प्रज्जवलन कर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने तीन महिलाओं कि गोद भराई व चार बच्चों को अन्नप्राशन करवाया वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य विभाग के सत्यम सिंह, के के यादव, बंदना, साधना, रेखा को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सरकार द्वारा संकल्प सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें आंगनवाड़ी व स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं किशोरियों में कुपोषण की पहचान एवं स्वास्थ्य सुरक्षा धात्री माताओं को जागरूक करते हुए उनको परामर्श देना साथ ही गांवों में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर स्वास्थ्य सुधार एवं संपूर्ण टिका करण के लिए प्रेरित किया जाएगा।इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी मीना गुप्ता, डिप्टी सीएमओ रमेश प्रसाद एडीओ पंचायत राकेश दीक्षित, बीपीएम रोशन आरा, आदि मौजूद रहे।

### आतंकवाद विश्व के लिए खतरा : प्रमोद वर्मा

**गाजीपुर।** हमास के आतंकवादियों द्वारा इजराइल पर किए गए हमले की व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यकताओं में कड़ी निंदा किया।



उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा आतंकवाद पूरे विश्व के लिए खतरा है। जिस प्रकार से इजराइल के नागरिकों के ऊपर हमास के आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया और बर्बरता की गई वह बहुत ही निंदनीय है, इसकी घोर भर्त्सना करते हैं। वर्मा ने कहा स्वस्थ लोकतंत्र में किसी भी समस्या का हल बातचीत के जरिए निकलता है, परंतु चरमपंथी संगठनों द्वारा आत्मघाती हमले, बम विस्फोट और बंदूक के दम पर जो पूरी दुनिया में आतंक मचा रखा है यह विश्व के हर देश के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। वर्मा ने कहा हमास के आतंकवादियों ने इसराइल के महिलाओं के साथ जो क्रूरता की है और आपत्तिजनक हालत में ट्रक में लादकर मजहबी नारो के साथ जो उसका वीडियो वायरल किया है। इसके लिए उनको कभी भी क्षमा नहीं किया जा सकता है। हमास के आतंकवादीओ ने क्रक्र की क्रूरता की याद दिला दी। वर्मा ने कहा इजराइल को पूरा हक है कि वह अपने ऊपर हुए हमले की आतंकवादियों से बदला ले और उचित कार्रवाई करें। इस विषम परिस्थिति में पूरा भारत इजराइल के साथ है। वर्मा ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अज्ञात छात्रों द्वारा हमास आतंकवादियों और फिलिस्तीन के समर्थन में जो आपत्तिजनक नारे लगाएं और प्रदर्शन किया वह भी निश्चित रूप से देश विरोधी भावना को उजागर करता है ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासन को चिन्हित कर कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे अपने देश में भी कहीं कोई चरमपंथी गुट खड़ा ना हो सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्रशांत सिंह, वायु नंदन पांडेय, शिव शंकर चौहान, धीरेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, रमाकांत राम, सुदामा यादव, राजेश जायसवाल, अजय विक्रम सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### परवेज अहमद सपा राज्य कार्यकारिणी में सदस्य नामित, फूल मालाओं से किया स्वागत



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा परवेज अहमद को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सदस्य नामित किया गया है। इनका कैलाशपुरी स्थित अपने आवास पर सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण ने प्रमाण पत्र व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। समाजवादी पार्टी लगातार संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की कवायद कर रही है। इसके तहत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला महासचिव व पूर्व जिला उपाध्यक्ष नैढी निवासी परवेज अहमद को राज्य कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है। सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण यादव ने सोमवार को अपने कैलाशपुरी स्थित आवास पर प्रमाण पत्र के साथ ही फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत के दौरान इन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमारे जैसे कार्यकर्ता को प्रदेश में जगह देकर हमारा ही नहीं हमारे जैसे तमाम कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया है। संगठन को मजबूत करने के साथ ही हम पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। वैसे भी समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीबों, मजलूमों, महिलाओं, छात्रों युवाओं की आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। स्वागत करने के दौरान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व सदस्य संतोष यादव, जिला महासचिव नफीस अहमद गुड्डू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य औसाफ अहमद आदि मौजूद रहे।